Mail.

165

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या : 01 / भू0अ0नि0 (3) वि0सर्वे0कानूनगो (फर्जी अभिलेख)– 32 / 2021 533 पटना, दिनांक : 05-03-2022

आदेश

निदेशालय ज्ञापांक–10256 दिनांक 20.07.2020 द्वारा श्री सनोज कुमार, (Emp. ID-SKN00746) विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, बन्दोबस्त कार्यालय, कटिहार को नियोजन के उपरांत इनके द्वारा समर्पित सिविल इंजीनियरिंग प्रमाण पत्र की जांच / सत्यापन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–4247 दिनांक 23.11.2021 द्वारा संबंधित विश्वविद्यालय / संस्थान को भेजे गए पत्र के आलोक में उप कुल सचिव (परीक्षा), कोटा विलासपुर अपने पत्रांक–12542 / परीक्षा / 2021 दिनांक 17.12.2021 द्वारा सूचित किया गया है कि **"श्री सनोज कुमार, अनुक्रमांक–C591U799DCE, पाठ्यक्रम डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग के अंकसूची / उपाधि प्रमाण–पत्र की छायाप्रति का अवलोकन किया गया, जिसका विश्वविद्यालय में संधारित अभिलेखों से जांच उपरांत पाया गया कि संबंधित प्रमाण–पत्र विश्वविद्यालय में जारी नहीं किया गया है।"** एतद संबंधी सत्यापन सूचना प्राप्त होने के बाद श्री कुमार से फर्जी डिप्लोमा सिविल इंजीनियरिंग प्रमाण–पत्र प्रस्तुत कर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गई।

प्राप्त स्पष्टीकरण में इनके द्वारा कोई ऐसा तथ्य नहीं दिया गया है, जो इनके प्रमाण–पत्र को वैध ठहराता हो। संबंधित संस्थान के सत्यापन प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि श्री कुमार, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो संविदा पद पर गलत / फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने में सफल हो गये हैं। अतः प्राप्त सत्यापन प्रतिवेदन तथा प्रकाशित विज्ञापन में Term of Assignment के कंडिका–4 (vi) में निहित प्रावधान के आलोक में श्री सनोज कुमार, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, संविदा कर्मी का नियोजन तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 3/22
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0 (3) वि0सर्वे0कानूनगो (फर्जी अभिलेख)– 32 / 2021 533 **पटना, दिनांक** 05-03-2022

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशित किया जाता है कि :–

1. फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर नियोजित कर्मी से अब तक की भुगतान की गई राशि की वसूली हेतु कार्रवाई करें।
2. फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियोजन प्राप्त करने एवं अन्य संगत आरोपों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करें।

3/22
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01 / भू0अ0नि0 (3) वि0सर्वे0कानूनगो (फर्जी अभिलेख)– 32 / 2021 533 **पटना, दिनांक** :05-03-2022

प्रतिलिपि : श्री सनोज कुमार, (Emp. ID- SKN00746) विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, बन्दोबस्त कार्यालय, कटिहार (E-mail ID- sunitasanoj@gmail.com) को सूचनार्थ प्रेषित।

3/22
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

E:\Kavita-Y-2022\Bablu Ji\Order\32-2021-28-02-2022.doc